देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 247 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
धोखाधड़ी का जोखिम



देहरादून, बुधवार, 10 जनवरी 2024

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 19.0° न्यूनतम 9.0°

71898.1

2 अब दिल्ली आ सकते हैं मोहम्मद मुइज्जू
7 शमी के करियर में जुड़ी एक और उपलब्धि

# झाझरा में क्लोरीन गैस के रिसाव से मचा हड़कंप

## पुलिस ने खाली कराया पूरा इलाका, दो अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून के झाझरा में मंगलवार सुबह एक गोदाम के खाली प्लाट में रखे सिलिंडर से क्लोरीन गैस का रिसाव हो गया। गैस रिसाव की सूचना से क्षेत्र के हड़कंप मच गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने क्षेत्र के करीब 150 परिवारों को वहां से सुरक्षित स्थानों पर भेजा। इस दौरान कुछ लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। लोगों को आंखों में जलन की शिकायत भी थी। इसके बाद दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, यह प्लाट आगरा निवासी ठेकेदार राजीव गुप्ता का है। उन्होंने करीब चार साल पहले प्लाट के पास ही वाटर प्लांट लगाया था। तब इस प्लाट में प्लांट का गोदाम था। करीब तीन साल पहले यहां से काम बंद कर दिया गया था। जिसके बाद से सात सिलिंडर यहां पर रखे हुए थे। मंगलवार को एक सिलिंडर से अचानक गैस का रिसाव हो गया। पुलिस ने राजीव गुप्ता को बुलाया है। उसके खिलाफ एफआईआर की जा रही है। वहीं, सिलिंडर को तलाब बनाकर पानी में डालकर मिट्टी में दबा दिया गया है।

स्थानीय निवासी शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि सोमवार की देर रात क्षेत्र में बदबू आ रही थी, लेकिन किसी ने इस पर गौर नहीं किया। सुबह के समय बदबू बहुत ज्यादा बढ़ गई। तब एक स्थानीय निवासी ने प्लाट में जाकर देखा। वहां से गैस के रिसाव की बहुत आवाज और बदबू आ रही थी। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शिफ्ट किया। एसएसपी का कहना है कि अब सभी लोग सुरक्षित हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था उन्हें भी डिस्चार्ज कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह प्लाट आगरा निवासी ठेकेदार राजीव गुप्ता का है। उन्होंने कुछ साल पहले यहां वाटर प्लांट लगाया था। तब से सात सिलिंडर यहां पर रखे हुए थे। एक सिलिंडर में अचानक गैस का रिसाव हो गया। पुलिस ने राजीव गुप्ता को बुलाया है। उसके खिलाफ एफआईआर की जा रही है। वहीं, सिलिंडर को तलाब बनाकर पानी में डालकर मिट्टी में दबा दिया गया है।



### सीएम ने दिए अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को प्रेमनगर क्षेत्र में हुए क्लोरीन गैस रिसाव की घटना के प्रति अधिकारियों को इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उद्योग एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो साथ ही आवासीय स्थलों पर इस प्रकार की नुकसानदायक गैसों के भण्डारण की भी जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि हर समय सतर्कता से ही ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति को रोका जा सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### मशहूर शास्त्रीय गायक राशिद खान का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आओगे जब तुम...फेम शास्त्रीय गायक उस्ताद राशिद खान का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। वह प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे। लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था। नवंबर में ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 55 साल की उम्र में कोलकाता के अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। कई दिनों से उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। ममता बनर्जी ने भी उस्ताद राशिद खान के निधन पर शोक व्यक्त किया है और कहा है कि यह पूरे देश का नुकसान है।

### फ्रांस के पहले गे प्रधानमंत्री गैब्रिएल अटल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

फ्रांस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने मंगलवार को अपने करीबी मंत्री गैब्रिएल अटल को प्रधान मंत्री के रूप में चुन लिया है। 34 वर्षीय गैब्रिएल फ्रांस के सबसे कम उम्र के और समलैंगिक प्रधानमंत्री होंगे। इससे पहले गैब्रिएल शिक्षा मंत्री का पद संभाल रहे थे।

# उत्तराखंड में छह महीने के अंदर होंगे स्थानीय निकाय चुनाव

## निकाय चुनाव को लेकर कोर्ट में हुई सुनवाई

**संवाददाता**

नैनीताल। उत्तराखंड में नगर निकायों के चुनाव छह माह के भीतर होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट 26 जनवरी तक मिल जाएगी। जिसके बाद आरक्षण तय होगा। राज्य में निकायों का परिसीमन पूरा हो चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग फरवरी तक निकायों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर देगा। राज्य सरकार की तरफ से हाई कोर्ट को बताया गया है कि सरकार ने निकायों के चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आरक्षण तय करने के लिए एक सदस्यीय न्यायिक कमीशन का गठन भी किया है।

मंगलवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में जसपुर ऊधमसिंह नगर निवासी मोहम्मद अनीस व नैनीताल निवासी राजीव लोचन साह की अलग अलग जनहित याचिका पर एक साथ सुनवाई हुई। इस दौरान अपर सचिव शहरी विकास व निदेशक नितिन भदौरिया कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में बताया कि निकाय एक्ट के आधार पर निकायों के निर्वाचित बोर्ड भंग कर छह माह के लिए प्रशासकों की तैनाती की गई है। अक्टूबर में जसपुर निवासी मोहम्मद अनीस ने निकाय चुनाव कराने को लेकर तथा राजीव लोचन साह ने निकायों में प्रशासक की नियुक्ति को असंवैधानिक करार देते हुए सरकार के निर्णय को निरस्त करने की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा कि पहली दिसंबर 2023 को नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होते ही प्रशासकों की नियुक्ति संबंधी शासनादेश 30 नवंबर को जारी किया गया था।

### 16 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भी बताया गया कि फरवरी में निकायों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। कोर्ट ने बयान को रिकॉर्ड में लेते हुए अगली सुनवाई 16 अप्रैल के लिए नियत कर दी। राज्य में निकायों के कार्यकाल पहली दिसंबर 2023 को समाप्त हो जाने के बाद सभी नगर निकायों पर प्रशासकों की नियुक्ति कर गयी है।

# यूपी में 22 जनवरी को बंद रहेंगे स्कूल–कॉलेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 22 जनवरी को सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के मौके पर यह फैसला लिया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आदेश दिया कि सभी शिक्षण संस्थान इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित करें। उत्तर प्रदेश में 22 जनवरी को ड्राइ डे भी रहेगा यानी प्रदेश के किसी भी जिले में शराब की बिक्री नहीं होगी। इस संबंध में पहले ही आदेश जारी कर दिया गया था, लेकिन एक बार फिर से इसे दोहराया गया है। बता दें कि यूपी के अलावा छत्तीसगढ़ सरकार ने भी जनवरी को ड्राइ डे घोषित किया है।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला विराजमान हो रहे हैं और दोपहर 12 बजे के करीब प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त है। इसके लिए बड़े स्तर पर तैयारियां चल रही हैं और देश–दुनिया के करीब 10 हजार वीवीआईपी मेहमान इस मौके पर पहुंचने वाले हैं। ऐसे में सरकार किसी भी तरह की सुरक्षा की लापरवाही नहीं चाहती है। यही नहीं पूरे प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर भी इस मौके पर पूजा–पाठ एवं उत्सव के आयोजन होने हैं। ऐसे में सरकार ने एहतियात बरतते हुए स्कूल एवं कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। इसे लेकर सपा ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

**फैसला**

■शराब की बिक्री पर भी रोक, योगी सरकार का बड़ा फैसला

### हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाएं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्राण–प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष–उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। सभी सरकारी भवनों की साज–सज्जा कराई जाए।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत में बढ़ते जा रहे हैं कोरोना के मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना के मामले दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं। मंगलवार को देश में कोविड के 475 नए मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, एक्टिव मामलों की संख्या 3,919 है। सुबह 8 बजे अपडेट किए गए स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में कोरोना से 6 मौतें हुई हैं। इसमें कर्नाटक से तीन, छत्तीसगढ़ से दो और असम से एक मौत शामिल है। बता दें कि नए वैरिएंट के उभरने और ठंड के मौसम की स्थिति के बाद मामले और भी बढ़ने लगे हैं।

### मुंबई में मिले नए वेरिएंट जेएन.1 के 19 मरीज

सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि जेएन.1 वैरिएंट न तो नए मामलों में तेजी से वृद्धि कर रहा है और न ही अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर में वृद्धि कर रहा है।

बृहन्मुंबई नगर निगम के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि मुंबई में कोराना वायरस के जेएन.1 सब–वैरिएंट के 19 मरीज मिले हैं। होल जीनोम सीक्वेंसिंग (डब्ल्यू.जीएस) विश्लेषण में जेएन.1 सबवेरिएंट के लिए पॉजिटिव पाए गए 22 नमूनों में से 19 मुंबई से थे।

## न्यूज डायरी



### एयर स्ट्राइक में हिज्बुल्ला का टॉप कमांडर ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायल ने बीती रात गाजा में हमास के ठिकानों और लेबनान में हिजबुल्ला के अड्डों पर हवाई हमले किए। सीरिया में स्थित ईरान व हिजबुल्ला के ठिकानों और शस्त्रागारों पर भी इजरायल ने हमले किए। इजरायली सेना ने यह जानकारी ने दी है। लेबनान के हवाई हमले में हिजबुल्ला के वरिष्ठ कमांडर विसम अल ताविल के मारे जाने की सूचना है। अल ताविल को सीमा के नजदीक ड्रोन हमले में उस समय मारा गया जब वह साथियों के साथ वाहन में जा रहा था। हिजबुल्ला ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए इजरायल को बड़ी कीमत चुकाने की चेतावनी दी है। इजरायली हमलों में गाजा में मरने वालों की संख्या 23 हजार के पार हो गई है। बीते 24 घंटों में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या 249 रही जबकि 510 लोग घायल हुए। चालू वर्ष में एक दिन में मारे गए फलस्तीनियों की यह सबसे बड़ी संख्या है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इजरायल यात्रा से ठीक पहले गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़ी है। सोमवार को ब्लिंकन इस युद्ध की तपिश कम करने लिए यूएई और सऊदी अरब में थे। रविवार रात जबालिया क्षेत्र में शरणार्थियों से भरी चार मंजिला इमारत पर इजरायल के हवाई हमले में 70 लोगों की मौत हुई है।

### लक्षद्वीप विवाद के बीच मालदीव को अब याद आया 911 कोड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले (मालदीव) । राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार के कुछ सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के बीच मालदीव के एक और पूर्व मंत्री ने पीएम मोदी का समर्थन किया है। द्वीपसमूह की पूर्व रक्षा मंत्री मारिया अहमद दीदी ने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां मालदीव सरकार की अदूरदर्शिता को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि मालदीव का भारत एक विश्वसनीय सहयोगी रहा है, जो रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान करता है, और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को कमजोर करने के किसी भी प्रयास की आलोचना की। दीदी ने भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर निराशा जताई। उन्होंने भारत को मालदीव के लिए ‘911 कॉल’ के तौर पर याद किया, जो जरूरत पड़ने पर हमेशा उनके बचाव के लिए आगे आता है। उन्होंने कहा, यह मौजूदा प्रशासन की अदूरदर्शिता है। हम छोटे देश से हैं जो सभी का मित्र है। हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि हमारे बॉर्डर भारत के साथ लगते हैं। सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हमारी एक समान हैं और भारत ने हमेशा हमारी मदद की है। दीदी ने भारत को लेकर कहा कि डिफेंस सेक्टर में भी हमें मदद मिल रही है।

### धार्मिक स्वतंत्रता के हनन पर अमेरिका ने चलाया हंटर तो बौखलाया पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अमेरिका ने पाकिस्तान पर धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर हनन में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उसे विशेष चिंता वाले देश के रूप में नामित कर दिया है। अमेरिका के बाइडन प्रशासन के इस कदम से पाकिस्तान की केयर टेकर सरकार बौखला गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने एक बयान जारी करके इसे पक्षपातपूर्ण आकलन करार दिया। यही नहीं पाकिस्तानी प्रवक्ता ने भारत के खिलाफ भी जमकर जहर उगला। बलोच ने कहा, हमने पाया है कि दुनिया का सबसे बड़ा और लगातार धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाला देश भारत एक बार फिर से अमेरिकी विदेश मंत्रालय की नामित लिस्ट में शामिल नहीं है। मुमताज बलोच ने कहा, ‘अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत को तब शामिल नहीं किया जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने स्पष्ट रूप में सिफारिश की थी। भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ दुर्व्यहार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने भी उठाया था। (भारत का नाम) साजिशन हटाना इस पूरी प्रक्रिया की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और उद्देश्य पर गंभीर सवाल उठाता है। हिंदुओं को नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर करने वाले पाकिस्तान ने अमेरिकी कदम को खारिज कर दिया और कहा कि यह जमीनी वास्तविकता को नहीं दिखाता है।

# भारत के बाद पाकिस्तानी युद्धपोतों की अरब सागर में हुई तैनाती

**गश्त**

## भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी निगरानी बढ़ा दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



कराची। लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमले से पूरी दुनिया चिंतित है। पिछले कुछ दिनों में हूती विद्रोहियों ने कई व्यापारी जहाज को निशाना बनाया। इसी बीच पाकिस्तान ने भी अरब सागर में अपने युद्धपोतों को तैनात किया है।

पाकिस्तानी नौसेना ने जानकारी दी कि पाकिस्तान के व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लगातार अरब में गश्त कर रहे हैं। पाकिस्तानी नौसेना ने कहा है कि अरब सागर में युद्धपोत तैनात करने का पाकिस्तान का फैसला अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में अपनी समुद्री सुरक्षा बनाए रखने के लिए है। वहीं पाकिस्तान नौसेना के प्रवक्ता ने कहा है कि हूति विद्रोहियों के खिलाफ किसी देश की मदद के लिए युद्धपोत तैनात नहीं किए गए हैं। बता दें कि हूति विद्रोहियों का ईरान का समर्थन मिलता आया है। वहीं, ईरान गाजा में मौजूद फलस्तीनियों का समर्थन करता आया है।

हूति विद्रोहियों से मुकाबला करने के लिए अमेरिका ने कई देशों के साथ हाथ मिलाया। वहीं, अमेरिका ने चेतावनी दी है कि अगर हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाज को निशाना बनाना बंद नहीं किया तो वे सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कुछ दिनों पहले उत्तरी अरब सागर में समुद्री डाकुओं ने एमवी लीला नॉरफॉक को अपहरण करने की कोशिश की। इस जहाज में 21 लोग सवार थे, जिसमें 15 भारतीय थे। भारतीय नौसेना ने बहादुरी दिखाकर डाकुओं की नापाक हरकत को नाकाम कर दिया था। बता दें कि भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी निगरानी बढ़ा दी है। मध्य अरब सागर से लेकर अदन की खाड़ी तक भारत ने दस युद्धपोत तैनात किए हैं।


बताते चलें कि भारत का रक्षा मंत्रालय लाल सागर के आसपास के समुद्र में भारतीय कंटेनर जहाजों को सुरक्षात्मक एस्कॉर्ट मुहैया कर रहा है। इस पूरे क्षेत्र में कंटेनर जहाजों की सुरक्षा को लगातार खतरा बना हुआ है। यह जानकारी एक सरकारी सूत्र ने दी है।

एक सरकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि अफ्रीका के चारों ओर लंबा समुद्री मार्ग अपनाने की वजह से कंटेनरों को अपने टर्नअराउंड समय में 14 दिनों की देरी का सामना करना पड़ सकता है। इससे परिवहन और बीमा लागत बढ़ रही है।

## बालाकोट से डर गए थे पाकिस्तानी सेना प्रमुख बाजवा और मुनीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पुलवामा हमले के बाद भारत के बालाकोट में एयरस्ट्राइक से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से लेकर तत्कालीन आर्मी चीफ जनरल बाजवा और वर्तमान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर तीनों ही डर गए थे। यही वजह थी कि अलकायदा आतंकी जाकिर मूसा ने जब पुलवामा कांड को दोहराने की साजिश रची तो खुद ही आईएसआई ने इसकी सूचना भारत को दी थी। जनरल असीम मुनीर उस समय आईएसआई के चीफ थे। फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत ने बालाकोट हमला किया था। अलकायदा अपने कमांडर जाकिर मूसा की भारतीय सेना के हाथों मौत के बाद जून 2019 में फिर से बालाकोट को दोहराने की साजिश रच रहा था। पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व को डर सता रहा था कि भारत बालाकोट को दोहरा सकता है। पाकिस्तान की जाकिर मूसा के हमले की यह सूचना सही निकली थी।

पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने अपनी किताब में यह खुलासा किया है। बिसारिया ने बताया कि जनरल मुनीर की आईएसआई ने उन्हें यह सूचना दी थी। बिसारिया ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि भारतीय उच्चायुक्त के रूप में उन्हें एक माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया गया।



## अमेरिका ने 50 साल बाद लान्च किया चंद्रमा मिशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। चांद पर लैंडिंग के लिए लॉन्च हुए अमेरिका के पेरेग्रीन अंतरिक्ष यान में खराबी आ गई है। यह अंतरिक्ष यान माउंट एवरेस्ट का टुकड़ा, वैज्ञानिक प्रयोग, पृथ्वी से संदेश और मानव अवशेष लेकर चंद्रमा की ओर जा रहा था। लेकिन उसके प्रोपेलेंट में समस्या आ गई है। इसे बनाने वाली कंपनी एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी ने इसकी पुष्टि की है। 50 वर्षों में यह अमेरिका का पहला चंद्रमा लैंडर है। सोमवार की सुबह फ्लोरिडा से यह अंतरिक्ष यान लॉन्च हुआ था। लेकिन लॉन्च के 24 घंटे से भी कम समय में यह मिशन खतरे में आ गया है। अंतरिक्ष यान की लॉन्चिंग के कुछ ही घंटों के बाद एस्ट्रोबोटिक ने घोषणा की कि मिशन खतरे में है। कंपनी ने कहा कि अपने बूस्टर से अलग होने के बाद लैंडर को एक समस्या का सामना करना पड़ा जो संभवतः फ्यूल टैंक में खराबी थी।

# भारत का सख्त रुख, अब दिल्ली आ सकते हैं मोहम्मद मुइज्जू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■मालदीव के राष्ट्रपति इस समय चीन यात्रा पर हैं

माले। भारत और मालदीव के बीच तनाव चल रहा है। इस बीच एक बेहद महत्वपूर्ण खबर आई है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अगले कुछ सप्ताह में भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। मालदीव की ओर से जनवरी में ही मोहम्मद मुइज्जू की भारत यात्रा का प्रस्ताव रखा गया है। मुइज्जू ने पिछले साल नवंबर में पदभार संभाला था। सत्ता में आने के बाद से वह तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात का दौरा कर चुके हैं। फिलहालवह अपनी चीन यात्रा पर हैं। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपतियों की सबसे पहले भारत यात्रा करने की परंपरा को मुइज्जू ने तोड़ा है। वियोन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक मुइज्जू सरकार के मंत्रियों की ओर से पीएम मोदी और भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से पहले ये यात्रा प्रस्तावित थी।

मालदीव के राष्ट्रपति इस समय चीन की एक सप्ताह की यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने फुजियान प्रांत में जियामेन मुक्त व्यापार क्षेत्र का दौरा किया। इसके आलावा उन्होंने चाइना कम्युनिकेशंस कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने प्रमुख चीनी राजनीतिक नेताओं के साथ मीटिंग की। अपनी यात्रा के दौरान वह राष्ट्रति शी जिनपिंग से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति मुइज्जू भारत विरोध के जरिए मालदीव की सत्ता में आए हैं। इसके अलावा वह एक चीन समर्थक हैं।

मालदीव की आबादी 5.2 लाख है। यहां राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपना चुनाव प्रचार भारत विरोध के नाम पर किया है। सत्ता में आने के बाद ही उन्होंने भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने को कहा था। मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक समझौते को नवीनीकृत नहीं किया है। हालांकि अब भारत और मालदीव के बीच संबंध मुइज्जू के मंत्रियों के कारण खराब हो रहे हैं। दरअसल पीएम मोदी हाल ही में लक्षद्वीप गए थे। उनकी इस यात्रा पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक कमेंट किए थे, जिसके बाद दोनों देशों में तनाव है।

### शेख हसीना ने भारत-बांग्लादेश को बताया घनिष्ठ मित्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। आम चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि भारत बांग्लादेश का एक घनिष्ठ मित्र है और दोनों पड़ोसियों ने द्विपक्षीय रूप से कई समस्याओं का समाधान किया है। हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी ने लगातार चौथी बार आम चुनाव में जीत दर्ज की है। साल 2009 से रणनीतिक रूप से अहम दक्षिण एशियाई देश पर शासन कर रहीं 76 वर्षीय नेता ने रविवार को हुए एकतरफा चुनाव में कुल मिलाकर पांचवां कार्यकाल हासिल किया। हालांकि, चुनाव में कम वोट पड़े थे। हसीना ने कहा, भारत बांग्लादेश का बहुत घनिष्ठ मित्र है। उसने 1971 में और 1975 में भी हमारा समर्थन किया। उसने मुझे और मेरी बहन तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को आश्रय दिया। वह अपने परिवार के सदस्यों की हत्या के बाद छह साल तक भारत में निर्वासन में रहने के वक्त का उल्लेख कर रही थीं।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# महिला समूहों के उत्थान को मजबूत रोडमैप तैयार करने के दिए निर्देश

बैठक

## विधायक शैला रानी रावत ने ली क्लस्टर लेवल फेडरेशन की बैठक

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जनपद में आजीविका मिशन के तहत 'क्लस्टर लेवल फेडरेशन' की महिलाओं के साथ विकास भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला समूह में कार्य कर रही महिलाओं की आजीविका सुधारने के लिए सशक्त कदम उठाए जाने पर चर्चा हुई एवं महिला समूहों के सुझाव लिए गए। बैठक में विधायक केदारनाथ श्रीमती शैला रानी रावत ने भी प्रतिभाग कर अपने सुझाव दिए।

विकास भवन सभागार में 'क्लस्टर लेवल फेडरेशन' की समीक्षा बैठक में पहुंची विधायक केदारनाथ श्रीमती शैला रानी रावत ने कहा कि स्थानीय महिलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए जिला प्रशासन को सशक्त नीति तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना लखपति दीदी के तहत



जनपद की अधिक से अधिक महिलाओं की आजीविका सुधार के लिए प्रयास करने होंगे।

महिला समूहों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से तहत ही रोजगार एवं स्वरोजगार दिया जा सकता है। बाबा केदारनाथ के लिए जिले में चोलाई से तैयार होने वाला प्रसाद एवं जिला उद्योग केंद्र के सहयोग से तैयार हो रहा श्री केदारनाथ धाम मंदिर स्मारिका इसका जरिया बन सकते हैं। बाहरी लोगों एवं प्रसाद की जगह जनपद की महिलाओं द्वारा तैयार मंदिर स्मारिका एवं प्रसाद को ही यात्रा मार्ग में विपणन किया जाए।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि महिलाओं की आजीविका सुधार के लिए मजबूत रोडमैप तैयार करना होगा। इसके लिए प्रशासन स्तर से हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने डेयरी क्षेत्र में उद्यम कर रही महिलाओं को सरकारी उत्पाद आंचल से जोड़ने का भी सुझाव दिया। वहीं खंड विकास अधिकारियों को क्लस्टर लेवल के हर समूह के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए जिसके तहत महिलाओं की आजीविका सुधार के लिए कार्य किया जा सके। बैठक में परियोजना निदेशक विमल कुमार ने आजीविका मिशन के तहत जनपद में गठित महिला समूहों एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश, अधिशासी अभियंता लोनिवि इंद्रजीत बोस, परियोजना प्रबंधक ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) बीके भट्ट, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट, ऊखीमठ सूर्य प्रकाश शाह सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## न्यूज डायरी

### जल संवर्धन, जल संरक्षण, कैच द रैन को लेकर हुई बैठक

**संवाददाता** चमोली। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने जल संवर्धन, जल संरक्षण, कैच द रैन को लेकर मंगलवार को जल संग्रहण से जुड़े विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से जल संरक्षण कार्यों की जानकारी लेते हुए वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्ययोजना पूर्ण विवरण सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चालू वर्ष में जल संरक्षण हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा भी की। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को सभी चेक डैम को चेक करने, गूगल मैपिंग कर पूर्ण विवरण सहित जियो टैग करने के निर्देश दिए। आगामी वर्ष में जल संरक्षण को लेकर चेक डैम, चाल खाल, खंती, ट्रांचिस बनाए जाने तथा वृक्षारोपण, स्रोतों की साफ सफाई हेतु सभी विभागों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिशासी अभियंता सिंचाई को पूरे जनपद का मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा से कन्वर्जेस करते हुए चाल खाल, चेकडैम, ट्रेंच, पौधरोपण, वनीकरण एवं अन्य कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए।

### ठगी के आरोपी नाइजीरियन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता** उत्तरकाशी। उत्तरकाशी की पुरोला पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने लाखों की ठगी करने वाले नाइजीरियन मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया और न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि गत माह नवम्बर 2023 को थाना पुरोला पर एक व्यक्ति ने अपनी प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें व्यक्ति ने दूरभाष से विदेशी करेन्सी का लालच देकर 7,45,400 रुपये की धोखाधड़ी होने की शिकायत की। जिस पर पुरोला पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया।

### फायरबोल्ट के ड्रीम–रिस्टफोन ने कर दिया है स्मार्टफोन को चैलेंज

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी स्मार्ट वेयरेबल ब्रांड फायरबोल्ट ने अपने ड्रीम रिस्टफोन को लॉन्च किया गया। यह एक अत्याधुनिक एंड्रॉइड स्मार्टवॉच है जो वेयरेबल टेक्नॉलोजी के क्षेत्र की नई परिभाषा लिखेगी। एंड्रॉइड 8.1 ओएस और गूगल प्ले स्टोर के साथ, यह रिस्टफोन एक स्मार्टफोन को एक शानदार स्लीक और कॉम्पैक्ट स्मार्टवॉच डिजाइन में बदलता है। लॉन्च डे पर सिर्फ 5999 रुपये की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध यह रिस्टफोन 10 जनवरी से फ्लिपकार्ट, फायरबोल्ट.कॉम और पूरे भारत के ऑफलाइन स्टोरों पर उपलब्ध होगी।

# योजनाओं का रोड मैप तैयार करने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ रुद्रप्रयाग शहर के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर संचालित की जाने वाली विकास परक योजनाओं का रोड मैप तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग बाबा केदार एवं श्री बदरीनाथ धाम का मुख्य प्रवेश द्वार है तथा बाबा केदार श्री बदरीनाथ धाम के दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को शहर में पहुंचने पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों इसके लिए सभी अधिकारी शहर को निखारने एवं संवारने की दिशा में बेहतर ढंग से कार्य योजना तैयार करते हुए कार्य करें।

बेलनी पुल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बेलनी पुल में चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर अधिशासी अभियंता लोनिवि को पुल में जो भी पेंटिंग एवं रैलिंग का कार्य किया जा रहा है उसे तीन दिन के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पुल में लाइटिंग व्यवस्था के लिए भी तत्परता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

डीएम ने पुराने विकास भवन में संचालित हो रहे कार्यालयों जिसमें सेवायोजन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी, खाद्य सुरक्षा विभाग आदि कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही बेलनी में चिन्हित किए गए पार्किंग स्थल का भी प्रस्ताव तीन दिन के भीतर ग्रामीण निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



## जिला समाज कल्याण अधिकारी ने किया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिला समाज कल्याण अधिकारी अराधना त्रिपाठी ने बताया कि अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग श्रीमती लीलावती राणा ने मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का स्थलीय भ्रमण व निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि प्रशिक्षण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय एवं प्रयोगों के माध्यम से प्रस्तुति दी जाय साथ ही संस्थान में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के गजेन्द्र डसीला ने बताया कि वर्तमान में संस्थान में कुल 17 व्यवसायों के अन्तर्गत लगभग 500 प्रशिक्षणत् है। जिसमें 136 अनुसूचित जातिध्जनजाति के प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षणरत् है। भ्रमण के दौरान आयोग के सदस्य सुरेन्द्र राणा, शूरवीर डोभाल, समाज कल्याण विभाग से शेखर चन्द्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# गोपीनाथ मंदिर मार्ग के सौंदर्यीकरण की प्रशान ने शुरू दी कवायद

**संवाददाता** चमोली। स्मार्ट सिटी परियोजना की तर्ज पर गोपेश्वर के गोपीनाथ मंदिर मार्ग के सौंदर्यीकरण की जिला प्रशासन ने कवायद शुरु कर दी है। जहां योजना के निर्माण को शासन से सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग ने योजना को लेकर मुख्य बाजार का सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। मंगलवार को ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा निगम, जल संस्थान, नगर पालिका के अधिकारियों और व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य बाजार का संयुक्त निरीक्षण किया।

ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अल्लादिया ने बताया कि योजना के तहत नगर

पालिका सहित विभागीय अधिकारियों ने किया मंदिर मार्ग का संयुक्त निरीक्षण

के गोपीनाथ मंदिर मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें मंदिर मार्ग पर गुजरने वाली विद्युत, पेयजल, डिश केबल, नेटवर्क फाइबर सहित सभी लाइनों को सर्विस डक्ट बनाकर अंडरग्राउंड किया जाएगा। साथ ही मंदिर के मुख्य द्वार से 450 मीटर मार्ग पर बनी 171 से अधिक दुकानों के बाहरी हिस्से को पहाड़ी शैली में एकरुपता दी जाएगी। वहीं मुख्य बाजार से गुजरने वाली नालियों को भी अंडरग्राउंड किया जाएगा। सड़क पर कोबल स्टोन लगाया जाएगा। दुकान के शटरों पर गोपीनाथ मंदिर से जुड़ी अथवा लोक संस्कृति से संबंधित पेंटिंग बनाकर सजाया जाएगा। योजना के निर्माण के लिए शासन की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही योजना के निर्माण के लिए साढ़े नौ करोड़ का वित्तीय प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। यदि सबकुछ योजना के अनुसार चला तो एक वर्ष में गोपीनाथ मंदिर मार्ग के सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष अनूप पुरोहित अंकोला, रोहितास पुरोहित, नीरज सिंह, ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एलपी भट्ट, नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता रमेश चंद्र उनियाल सहित लोनिवि, ऊर्जा निगम व जल संस्थान के अधिकारी मौजूद थे।

## अंकिता मामले में कांग्रेस की न्याय यात्रा 14 को

**संवाददाता** उत्तरकाशी। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी 14 जनवरी को जिला मुख्यालय उत्तरकाशी में न्याय पद यात्रा निकालेगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करेंगे और भाजपा के कारनामों से जनता को अवगत करायेंगे। मंगलवार को गांधी वाचनालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनीष राणा ने पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि गत दिवस सरकार की ओर से करोड़ो रूपए खर्च कर रामलीला मैदान में दीदी भूली कार्यक्रम पर आयोजित किया गया। लेकिन अंकिता भंडारी को आज तक न्याय नही मिल पाया। अंकिता के परिजन न्याय की गुहार लगाये बैठें हैं। सरकार जो बजट नारी सशक्तिकरण के नाम पर बड़े–बडे कार्यक्रम आयोजन कर बजट ठिकाने लगा रही है, उस बजट से बदहाल ग्रामीण सड़को, टपकती स्कूलों की छतों, दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सेवाओं तथा अन्य समस्याओं का निराकरण किया जा सकता था।

*दुनिया को अक्सर वह लोग बदल देते हैं, जिन्हें दुनिया कुछ करने लायक नहीं समझती ! –अज्ञात।*



विचार-प्रवाह देहरादून, बुधवार, 10 जनवरी 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# डिजिटल उछाल का दशक

**पुलिस जांच दिखाती है कि यह धोखाधड़ी कैसे होती है। उत्पीड़न का तो एक तरीका है लोन लेने वाले का फोटो बिगाड़कर उसे उसके कॉन्टैक्ट लिस्ट के लोगों को भेजना। इससे कई बार आत्महत्या तक हो चुकी है।**

हिमानी वर्मा।।

सोशल मीडिया फिर से निशाने पर है, और यह सही भी है। भारत सरकार ने उन्हें धोखाधड़ी वाले डिजिटल लोन ऐप्स (डीएलए) के विज्ञापन दिखाने को लेकर चेतावनी दी है। लेकिन इन विज्ञापनों को दिखाने में भले ही सोशल मीडिया लापरवाह हो, असली अपराध तो ऑनलाइन लोन देने वालों की हैवानियत है। ये तेजी से बढ़ते प्लैटफॉर्म का फायदा उठाकर छोटे खुदरा कर्ज का जाल बिछा रहे हैं।

इस साल संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में डिजिटल लोन 2012 से 2023 के बीच सालाना 39.5: बढ़कर 350 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इस वृद्धि का एक हिस्सा डिजिटल लोन ऐप्स (डीएलए) के कारण हुआ है। डीएलए के कारोबार का सही आकलन करना मुश्किल है क्योंकि इसका एक बड़ा हिस्सा अवैध है। आरबीआई ने जनवरी और फरवरी 2021 में दो महीने तक डिजिटल लोन ऐप्स का अध्ययन किया। उसने पाया कि 81 ऐप स्टोर पर 1,100 लोन ऐप उपलब्ध थे। इनमें से 600 अवैध थे।

कंज्यूमर सर्वे और पुलिस जांच अवैध लोन ऐप की दुनिया की दो मेन फीचर्स की ओर इशारा करते हैं। अवैध लोन ऐप ग्राहकों को उसी कारण से आकर्षित करते हैं जिस कारण से इन्फॉर्मल फाइनैंसिंग हमेशा करता है– आसानी। जरूरतमंद लोगों को आसानी से लोन मिल जाता है। ब्याज दरें बैंकों की तुलना में कहीं अधिक होती हैं, लेकिन उसके बाद जो होता है वह डिजिटल वर्ल्ड के लिए बहुत खतरनाक है। ऐप फोन पर डाउनलोड किए जाते हैं। धोखाधड़ी करने वाले लोन ऐप अवैध रूप से लोन लेने वालों के फोन डेटा को कॉपी करते हैं। फिर उस डेटा का इस्तेमाल कर्जदारों को परेशान करने के लिए किया जाता है जब वे रीपेमेंट में देरी करते हैं। पुलिस जांच दिखाती है कि यह धोखाधड़ी कैसे होती है। उत्पीड़न का तो एक तरीका है लोन लेने वाले का फोटो बिगाड़कर उसे उसके कॉन्टैक्ट लिस्ट के लोगों को भेजना। इससे कई बार आत्महत्या तक हो चुकी है।

आरबीआई का दायरा बैंकों, एनबीएफसी जैसे वित्तीय मध्यस्थों तक सीमित है। ये सब भी हमेशा निर्दोष नहीं होते हैं। 2022–23 में इनके खिलाफ 1,062 शिकायतें दर्ज हुई थीं, लेकिन अवैध लोन ऐप का मामला तो अलग ही स्तर का है। कुछ मामलों में जांच से पता चला है कि ऐप का मालिकाना हक हॉन्गकॉन्ग से संचालित चीनी कंपनियों के पास है। लोन ऐप के अपराध में मनी लॉन्ड्रिंग का एंगल भी है। इस कारण उनसे निपटने के लिए कई एजेंसियों को साथ काम करने की जरूरत पड़ती है। अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच 2,500 से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से हटा दिया गया। यह एक निरंतर प्रक्रिया है जिसे सार्वजनिक जागरूकता अभियानों, तेज पुलिसिया जांच और अपराधियों के खिलाफ त्वरित मुकदमे के जरिए साथ दिया जाना चाहिए। लेकिन भविष्य में ऐसी समस्या पैदा ही नहीं हो, इसके लिए जरूरी है कि वैध तरीकों से लोन लेने की प्रक्रिया आसान हो जाए। जब रेग्युलेटेड कंपनियां लोगों को लोन नहीं देती हैं तो अपराध को फलने–फूलने का मौका मिल जाता है।

## उल्लू भी चमत्कारी

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** तंत्र शास्त्र के अनुसार लक्ष्मी वाहन उल्लू रहस्यमयी शक्तियों का स्वामी है। प्राचीन ग्रीक में उल्लू को सौभाग्य और धन का सूचक माना जाता था। यूरोप में उल्लू को काले जादू का प्रतीक माना जाता है। भारत में उल्लू का तंत्र सर्वाधिक प्रचलित है। लुप्त हो रहा है उल्लू। पश्चिमी मान्यता अनुसार किस व्यक्ति को मूर्ख बनाना अर्थात उल्लू बनाना कहा जाता है। इसका यह मतलब की मूर्ख व्यक्ति को उल्लू समझा जाता है, लेकिन यह धारणा गलत है। उल्लू सबसे बुद्धिमान निशाचारी प्राणी होता है। उल्लू को भूत और भविष्य का ज्ञान पहले से ही हो जाता है। उल्लू को भारतीय संस्कृति में शुभता और धन संपत्ति का प्रतीक माना जाता है। हालांकि अधिकतर लोग इससे डरते हैं। इस डर के कारण ही इसे अशुभ भी माना जाता है।

# संपादकीय

## अधकचरी मान्यता

इथोलॉजी नाम का एक विज्ञान, जिसमें जंतुओं के सामाजिक व्यवहार का अध्ययन किया जाता है, 21वीं सदी में बहुत गहराई तक जा रहा है और आगे चलकर कुछ जटिल इंसानी प्रवृत्तियों को समझने में भी इसका फायदा उठाया जा सकता है। लेकिन समाज विज्ञानियों और राजनेताओं से ज्यादा यह रुझान सिलेब्रिटीज के बीच में विचार का धंधा करने वालों में देखा जाता है कि वे प्राकृतिक विज्ञानों की खोजबीन में बन रही धारणाओं को अधकचरे ढंग से इंसानों पर भी लागू करने लगते हैं। जैसे, डार्विन की इवॉल्यूशन थिअरी का शुरू में व्यापक विरोध हुआ, लेकिन फिर देखते–देखते इसको उपनिवेशवाद से लेकर नस्लवाद तक के तर्क की तरह पेश किया जाने लगा। चींटियों और मधुमक्खियों से लगाकर लकड़बग्घों और सारसों तक समूह में रहने वाले सभी जीवों में समाज के व्यवस्थित ढांचे की पहचान काफी पहले की जा चुकी है। रानी चींटी या रानी मधुमक्खी जैसे नाम हजारों छोटे जीवों में एक–दो की अलग शक्ल देखकर दिए गए थे। अल्फा मेल, अल्फा फीमेल या अल्फा कपल की खासियत यह होती है कि उनकी शक्ल अपनी जाति के बाकी जीवों से बिल्कुल अलग नहीं होती। उनका फर्क सिर्फ व्यवहार के स्तर पर दिखाई पड़ता है और उनकी भूमिका भी हर बार लड़ाई–भिड़ाई की ही नहीं होती। कई जीवों में नेता की पहचान खाना या पानी खोजने में अगुआ भूमिका निभाने से होती है और झुंड सालोंसाल उसके पीछे चलता रहता है।

यूपीआई लाइट की सुविधा और आसानी पर तो कोई उंगली नहीं उठा सकता, मगर कुछेक चुनौतियां हैं, जिन पर ध्यान देना होगा।


# धोखाधड़ी का जोखिम

विकास मिश्रा।।

2016 में जबसे यूपीआई आया, हम सबके पेमेंट करने का तौर–तरीका एकदम बदल गया। इसमें और बदलाव आया पिछले साल, जब एनपीसीआईएल ने ऑन–डिवाइस वॉलेट यूपीआई लाइट पेश किया था। यानी मोबाइल में इंटरनेट हो या ना हो, इससे पेमेंट हो सकता है और बैलेंस भी जोड़ा जा सकता है। यूपीआई लाइट में एक बार में अधिकतम 2000 रुपये डाल सकते हैं और दिन भर में अधिकतम 4000 रुपये खर्च कर सकते हैं। यूपीआई लाइट की सुविधा और आसानी पर तो कोई उंगली नहीं उठा सकता, मगर कुछेक चुनौतियां हैं, जिन पर ध्यान देना होगा।

बैंक मनी लॉन्ड्रिंग की पहचान करने के लिए यूपीआई लाइट लेनदेन को ट्रैक नहीं कर सकते, क्योंकि बैंक स्टेटमेंट में यूपीआई लाइट वाले लेनदेन शामिल नहीं होते। यह केवल वॉलेट का डेबिट दिखाता है। भले ही लेन देन बैंक में जाते हों और इसका SMS या नोटिफिकेशन भी यूजर को आता हो, लेकिन बैंक इनका रिकॉर्ड नहीं रखता है, और ऐसे लेनदेन पर एंटी–मनी लॉन्ड्रिंग जांच भी नहीं करता है। यूपीआई लाइट के बढ़ते उपयोग के साथ ।डस् जांच की कमी से धोखाधड़ी का संभावित खतरा बढ़ सकता है।

चूंकि यूपीआई लाइट में ऑन–डिवाइस बैलेंस





है, इसलिए यूजर अगर अपना मोबाइल फोन बदलता है या बैंक के साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदलता है या जारीकर्ता बैंक अपना IFSC कोड बदलता है तो वह अपना वॉलेट बैलेंस खो देगा। इस बैलेंस को दोबारा पाने की प्रक्रिया बहुत मुश्किल है और इससे यूजर एक्सपीरियंस को भी नुकसान पहुंचता है।

यूपीआई लाइट जैसे पेमेंट ऐप वे लोग भी बना सकते हैं, जिनके पास त्ठप् से इसका लाइसेंस नहीं होता। बाकी के पेमेंट ऐप के लिए रिजर्व बैंक पीपीआई लाइसेंस देता है। लाइसेंस लेकर ही अपना ऐप शुरू कर सकते हैं। यह उन नियमों के खिलाफ जाता है जो कहते हैं कि पेमेंट सिस्टम के कामकाज पर निगरानी और नियंत्रण रखना है। यानी गैर–पीपीआई–लाइसेंस वाले खिलाड़ी नियामक व्यवस्था के दायरे से बाहर काम कर रहे हैं। इससे डेटा उल्लंघन और चार्जबैक में धोखाधड़ी हो सकती है। इसमें KYC मानदंडों के साथ विरोधाभास प्रतीत होता है। पीपीआई पर आरबीआई के निर्देश हैं कि जिन यूजरों ने न्यूनतम झ्ल्ब की हुई है, वे अपने डिजिटल वॉलेट में प्रति माह सिर्फ 10,000 रुपये का बैलेंस बनाए रख सकते हैं। वहीं यूपीआई लाइट को एक दिन में 4000 रुपये तक रिचार्ज किया जा सकता है। इस हिसाब से पीपीआई लाइसेंस वाला ऐप साल में 1.2 लाख का मिनिमम बैलेंस रख सकता है, मगर बिना किसी लाइसेंस वाले ऐप में सालाना 14.6 लाख तक रखा जा सकता है। बड़ी बात यह कि एक ही मोबाइल फोन पर कई यूपीआई लाइट चलाए जा सकते हैं। यानी कई जगह पैसे रखे जा सकते हैं।

यूपीआई लाइट के लेनदेन में कोई अतिरिक्त यूपीआई पिन नहीं होता, इससे डायरेक्ट पेमेंट कर सकते हैं। मगर लाइसेंस प्राप्त पीपीआई या डिजिटल वॉलेट देने वालों को पिन के स्टेप से गुजरना होता है। दोनों का काम एक ही तरह का है तो ऐसे किसी सिस्टम के लिए समान अवसर बनाना एक जरूरत होनी चाहिए।

### अष्टयोग-5080

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 3 | 2 | |
| 2 | **35** | | **26** | | **28** | 6 |
| | 7 | | 4 | 1 | 6 | |
| | **28** | 4 | **27** | | **36** | 4 |
| | 2 | 3 | | 5 | | |
| 6 | **35** | 7 | **35** | | **38** | 2 |
| 3 | | | 1 | | 4 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5079 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | **27** | 7 | **32** | 4 | **34** | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | **37** | 6 | **33** | 6 | **29** | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | **33** | 5 | **31** | 7 | **34** | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### रास्ता तो है

**मोहन।** कमियों को दो तरीकों से दूर किया जा सकता है। एक तो यूपीआई लोड कम करने के लिए केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (मतनचमम) को बढ़ावा दे। दूसरे, केवल आरबीआई लाइसेंस वाली पीपीआई संस्थाएं ही आरबीआई लाइट इकोसिस्टम तक पहुंचें। धोखाधड़ी की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए आरबीआई नियामक निरीक्षण सुनिश्चित करे। यूपीआई लाइट डीपीआई द्वारा संचालित है, जो डिवाइस, सर्वर, डेटा सेंटर, राउटर और ऐप्स के कुशल नेटवर्क से चलता एक विशाल डिजिटल इकोसिस्टम है। इस सिस्टम की अब पूरी दुनिया में तारीफ होती है और इसी के मानदंडों को फॉलो किया जाता है। ऐसे में पारिस्थितिकी तंत्र में सभी खिलाड़ियों के लिए समान अवसर बनाना और उन्हें देना महत्वपूर्ण है, ताकि सबके डेटा की प्राइवेसी बनी रहे और किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाव हो सके।






## नीतू सिंह को चाचा ससुर शशि सिंह पर था सीक्रेट क्रश

करण जौहर का फेमस चौट शो कॉफी विद करण का 8वां सीजन अब खत्म होने की कगार पर है। फिलहाल इसके अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो जारी कर दिया गया है। इस बार शो में 70–80 के दशक की खूबसूरत एक्ट्रेसेस जीनत अमान और नीतू कपूर हिस्सा लेंगी। दोनों ने एक–दूसरे की जमकर तारीफ की और खूब हंसी–मजाक भी किया। नीतू ने जीनत को सेक्सिनेस की दुकानश कहा। साथ ही ये भी खुलासा किया कि उनका चाचा ससुर शशि कपूर पर क्रश था। करण जौहर पूरी गर्मजोशी के साथ जीनत अमान और नीतू कपूर का वेलकम करते हैं। सबसे पहले दोनों ने बताया कि उन्होंने कई फिल्मों में साथ काम किया है। उन्होंने यादों की बारात, धरम वीर, द ग्रेट गैंबलर और हीरालाल पन्नालाल का नाम लिया। नीतू सिंह ने बताया कि जीनत अमान ने मंदिर जाकर और अपनी शर्ट के बटन बंद करके बोला था, हे भगवान, मुझे माफ कर देना, हमारे यहां मंदिर जाने का सिस्टम नहीं है। ये सुनने के बाद करण और जीनत खिलखिलाकर हंस पड़ते हैं। इसी शो के दौरान नीतू सिंह ने बताया कि शशि कपूर उनके सीक्रेट क्रश थे। बता दें कि पृथ्वीराज कपूर के पांच बच्चों में से तीन बेटे राज कपूर, शम्मी कपूर और शशि कपूर थे।

## क्या गली बॉय को ऑस्कर में भेजने के लिए हुई थी राजनीति?

तमिल फिल्मों के पॉपुलर एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों अपनी पैन इंडिया रिलीज मैरी क्रिसमस को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनके साथ कटरीना कैफ हैं। श्रीराम राघवन के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 12 जनवरी 2024 को रिलीज होने वाली है। विजय सेतुपति ने वक्त के साथ हिंदी के दर्शकों में भी अपनी गजब की फैन फॉलोइंग बनाई है। वह बीते साल जवान में शाहरुख खान के सामने विलेन बनकर खड़े थे। अब एक इंटरव्यू में विजय सेतुपति ने 2019 का जिक्र किया है, जब रणवीर सिंह की गली बॉय को भारत की ओर से ऑस्कर में भेजा गया था। एक्टर ने कहा कि जब यह खबर आई तो उनका दिल बुरी तरह टूट गया था। उन्होंने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित भी बताया। दरअसल, 2019 में विजय सेतुपति की तमिल फिल्म सुपर डीलक्स भी रिलीज हुई थी।


## पवन सिंह ने ब्रेकअप के बाद अक्षरा सिंह को किया था फोन!



भोजपुरी स्टार पवन सिंह और अक्षरा सिंह का अफेयर और ब्रेकअप जगजाहिर है। दोनों प्यार में थे, लेकिन जब इनका रिश्ता टूटा, तो बहुत ही गंदे तरीके से टूटा। एक–दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। खूब छीछालेदर हुई। अब अक्षरा ने एक बार फिर उस दौर को याद किया है, जब वो पवन के साथ रिश्ते में थीं। उन्होंने बताया कि उस रिलेशनशिप के दौरान क्या–क्या झेला! सबके सामने पैर छूने से लेकर उनके सिर पर टीवी और टेबल फोड़ने तक, अपनी आपबीती बताते–बताते अक्षरा का गला रुंध गया। अक्षरा सिंह ने पवन सिंह को लेकर खुलासा किया कि उनसे स्टेज पर जाकर अफेयर का खुलासा करने के लिए दवाब डाला जाता था। उन्होंने परिवार के डर के मारे ऐसा नहीं किया तो पवन ने उन पर दूसरे तरीके के आरोप लगाने शुरू कर दिए। वो कहने लगे कि इसलिए अफेयर के बारे में नहीं बताती हैं, ताकि दूसरी जगह फ्लर्ट कर सकें, दूसरों से बातें कर सकें। अक्षरा ने कहा, श्उन्होंने बोला कि तुम फिल्मों के दौरान सबको बोलो इंडस्ट्री में कि तुम्हारा मुझसे कुछ है। जब मना किया तो उन्होंने कहा, इसका मतलब कि तुम और कहीं एक्सप्लोर कर सकती हो। किसी से भी मिल सकती हो। तुमको काम पाना है। तुम रिश्ते बनाओगी। तुम और लोगों को फ्लर्ट करोगी। बहुत सी बातें ऐसी थीं, जबकि मैंने मन के भीतर दूर–दूर तक ऐसा नहीं सोचा था कि मैं किसी इंसान को डेट कर रही हूं।

# लक्षद्वीप को बढ़ावा देने से मालदीव का टूरिज्म कम नहीं होगा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया लक्षद्वीप ट्रिप ने हर किसी का ध्यान खींचा है। उनकी फोटोज के वायरल होने के बाद, मालदीव के राजनेताओं और अधिकारियों ने कुछ अपमानजनक कमेंट्स किए और उसके बाद से ही सोशल मीडिया पर जैसे तूफान सा आ गया। मशहूर हस्तियां और आम लोग भी लक्षद्वीप में टूरिज्म को बढ़ावा देने के सपोर्ट में सोशल मीडिया पर कूद पड़े। इस हंगामे ने मलेशियाई सरकार को कार्रवाई करने पर मजबूर कर दिया। जहां बॉलीवुड सेलेब्स लगातार इस मुद्दे पर अपनी राय रख रहे हैं, वहां कंगना रनौत कैसे पीछे रहतीं। उन्होंने भी इस बारे में कुछ कहा है।*

**पीएम मोदी की कोशिशों के बीच कंगना रनौत का बयान**

कंगना रनौत ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री लक्षद्वीप में टूरिज्म को बढ़ावा दे रहे हैं और इसके बारे में जिस तरह के ट्वीट लोग कर रहे हैं, वह गलत है। सबसे पहले तो, उन्होंने बस अपने देश का प्रचार किया, सिर्फ लक्षद्वीप का नहीं, वह हर किसी से कह रहे हैं कि हर शादी भारत में ही करने की कोशिश करें। उनके ऐसा कहने का एजेंडा एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है। यह बस इतना ही है। साथ ही, किसी और पर कोई कमेंट किए बिना, मुझे लगता है कि यह सिर्फ एक धारणा है कि इससे मालदीव के टूरिज्म में कमी आएगी।

**एक देश के प्रमोशन से दूसरे का टूरिज्म कम नहीं होता**



कंगना ने आगे कहा, अगर लोग कश्मीर जाते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि मनाली का टूरिज्म कम हो जाएगा। आप अधिक से अधिक लोगों को यात्रा करने के लिए मोटिवेट कर रहे हैं। इससे दूसरी जगह का टूरिज्म कम नहीं हो रहा है। इस इंस्टाग्राम युग में, लोग हर जगह जाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री सिर्फ लक्षद्वीप को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत में पर्यटन बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, इससे लोगों को मालदीव को गंदा और बदबूदार कहने का लाइसेंस नहीं मिल जाता है।

**भारत की खूबसूरती पर बोलीं कंगना**

घरेलू पर्यटन और इंडस्ट्री को सपोर्ट करने पर कंगना ने कहा, मुझे लगता है कि भारत बहुत सुंदर है, जो प्रकृति को खूबसूरती से दिखाता है। यह सिर्फ छुट्टियां मनाने के लिए नहीं बल्कि शादियों और स्वदेशी कपड़ों, गहनों के लिए भी बेहतरीन है। मैं अपनी कोशिशों से इसे बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हूं। इसमें नुकसान क्या है? यह हमें और मजबूत बनाएगा।

**मालदीन सरकार ने लिया कड़ा एक्शन**

सोशल मीडिया पर चल रहे बायकॉट ट्रेंड के बाद, मालदीव सरकार ने भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अपने तीन मंत्रियों को सस्पेंड करने की घोषणा की। इस कदम पर कंगना ने कहा, जाहिर तौर पर जो कार्रवाई की गई है, वो एकदम सही है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा तरीका है कि जो कोई ऐसी बातें करता है, उसकी आधिकारिक तौर पर निंदा की गई है।

# राम मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा में हनुमान के मेकर्स की नेक पहल



*तेजा सज्जा की फिल्म हनुमान 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब, रिपोर्ट के अनुसार, मेगास्टार चिरंजीवी ने प्री–रिलीज इवेंट में कहा कि फिल्म के मेकर्स हर टिकट पर 5 रुपये एक्स्ट्रा ले रहे हैं। शहनुमानश का प्री–रिलीज इवेंट रविवार को हैदराबाद में हुआ, जहां फिल्म के कलाकार और क्रू सभी थे।*

मेगास्टार चिरंजीवी इस इवेंट में गेस्ट थे, जहां उन्होंने यह घोषणा की। उन्होंने कहा, श्हनुमान टीम को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर एक जरूरी घोषणा करनी है। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण के लिए अपनी फिल्म के हर टिकट से 5 रुपये दान करने का फैसला किया है। मैं उनकी ओर से इस खबर की घोषणा कर रहा हूं। एक नेक निर्णय लेने के लिए हनुमान की टीम को मेरी हार्दिक बधाई। हनुमान का डायरेक्शन प्रशांत वर्मा ने किया है। फिल्म में लीड रोल्स में तेजा सज्जा, वरलक्ष्मी सरथकुमार, अमृता अय्यर और विनय राय हैं। यह फिल्म प्रशांत का अपना खुद का देसी सुपरहीरो यूनिवर्स बनाने की कोशिश है। पिछले महीने रिलीज हुए ट्रेलर ने दर्शकों को कहानी का हिंट दे दिया था, जहां तेजा एक दलित आदमी की भूमिका निभा रहे हैं जिसके पास कई सारे पावर्स होते हैं और अब उसे दुनिया को बचाने का काम सौंपा गया है।

**राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में इन सेलेब्स को न्योता**

इस बीच, 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के अभिषेक समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। कुछ दिन पहले, अनुभवी एक्टर रजनीकांत को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा समारोह का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस समारोह में शामिल होने के लिए बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को भी आमंत्रित किया गया है। उन्हें गुलदस्ते और राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया गया।

**राम मंदिर की ऊंचाई, लंबाई, चौड़ाई कितनी है?**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने पीटीआई के हवाले से कहा था कि पारंपरिक नागर शैली में बने राम मंदिर परिसर की लंबाई 380 फीट, 250 फीट चौड़ाई और 161 फीट ऊंचाई होगी।

# गट हेल्थ के लिए डाइट में जरूर शामिल करें ये ड्रिंक



**गट हेल्थ के लिए वरदान है यह ड्रिंक**
डॉक्टर ने गट हेल्थ के लिए अजवाइन, हींग और काला नमक से तैयार ड्रिंक को फायदेमंद बताया है। ये तीनों सामग्री गट हेल्थ को कैसे फायदा करती है, इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी है। सबसे पहले ये ड्रिंक बनानी कैसे है इसके बारे में जान लेते हैं।

*क्या आपको भी अक्सर बदहजमी, गैस की शिकायत या पेट फूलना आदि का अनुभव होता है? यह खराब गट हेल्थ के लक्षण हो सकते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर अग्रिमा अवस्थी ने गट हेल्थ के लिए एक नैचुरल ड्रिंक शेयर की है, जिसके बारे में लेख में जानेंगे।*

अक्सर गट हेल्थ के गड़बड़ होने पर पाचन संबंधी परेशानी होने लगती है। इसकी वजह से बदहजमी, गैस बनना, पेट फूलना, पेट में मरोड़, डकार आना आदि समस्या होने लगती है। इन सभी परेशानियों से निपटने का फॉर्मूला आयुर्वेदिक डॉक्टर अग्रिमा अवस्थी ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने एक ऐसे ड्रिंक के बारे में बताया है, जो पेट संबंधित सभी परेशानियों को चुटकियों में दूर कर आपकी गट हेल्थ को सपोर्ट करता है।

**गट हेल्थ पर खाने का बुरा प्रभाव कैसे होता है**
अक्सर लोग गट हेल्थ को सीरियसली नहीं लेते। यही वजह है कि लोग गट हेल्थ से ऊपर टेस्टी खाने को प्राथमिकता देते हैं। जबकि, खाने का चुनाव करते समय उन्हें इस बात पर जोर देना चाहिए कि उसका उनकी गट हेल्थ पर कैसा प्रभाव पड़ेगा। एक्सपर्ट्स की मानें तो पिज्जा, फ्रेंच फ्राइज, डोनट, आइसक्रीम आदि को पचाने में हमारी आंत को जरूरत से ज्यादा समय लगता है। बावजूद इसके हम इनका सेवन करते समय एक बार नहीं सोचते हैं। ऐसे में बदहजमी, पेट फूलना व अन्य पेट संबंधित परेशानियों का होना बहुत कॉमन है।

**कैसे तैयार करें इस ड्रिंक को**
इस ड्रिंक को तैयार करने के लिए एक कप गर्म पानी में 1½ चम्मच भुनी हुई अजवाइन, 2 चुटकी हींग और 2 चुटकी काला नमक को मिलाएं। आपकी गट हेल्थ ड्रिंक तैयार है। इसे ठीक वैसे पिएं जैसे चाय की चुस्की लेते हुए पीते हैं।



## एंटीबायोटिक्स बन सकती है हार्ट प्रॉब्लम की वजह

सामान्य बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द, सर्दी–खांसी की शिकायत हो तो ज्यादातर लोग डॉक्टर के पास जाने की बजाय सबसे पहले घर में रखी एंटीबायोटिक दवा का सेवन करते हैं। उन्हें लगता है कि डॉक्टर भी तो यही दवाई रिकमेंड करेंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि डॉक्टर की सलाह के बिना इनका बार–बार सेवन करना आपके स्वास्थ्य को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। यही वजह है इस लेख में हम आपको जाने अनजाने में एंटीबायोटिक्स का सेवन कर आप जो अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, इससे वाकिफ करेंगे। फ्लूरोक्विनोलोंस एक सामान्य तरह की एंटीबायोटिक्स है और इसका प्रयोग कार्डियक एलिमेंट्स का जोखिम बढ़ता है। एक नई स्टडी के अनुसार जो लोग इस ड्रग का इस्तेमाल करते हैं, उनमें कुछ खास कार्डियक इश्यू का रिस्क अधिक रहता है। जिन एंटीबायोटिक्स ड्रग्स की सलाह सामान्य रूप से दी जाती है उन्हें लेते हैं तो गंभीर और लाइफ थ्रेटनिंग हार्ट कंडिशंस का जोखिम अधिक होता है। कई रिसर्च में ऐसा भी पाया गया है कि फ्लोरोक्विनोलोन को लेने से एओर्टिक और माइट्रल रिगर्जिटेशन का रिस्क भी बढ़ता है, यह वो कंडिशंस हैं, जो हार्ट फेलियर का कारण बन सकती हैं। एंटीबायोटिक्स विभिन्न प्रकार के बैक्टीरियल इंफेक्शन के इलाज में काम करने वाली एक विशेष श्रेणी की दवाएँ हैं।

## थायरॉयड में हालत खराब कर देंगी खाने की ये चीजें

थायरॉयड एक आम और तेजी से फैल रही बीमारी है जिससे बहुत से लोग पीड़ित हैं। गले के नीचे थायरॉयड ग्लैंड होती है, जो थायरॉयड हार्मोन उत्पन्न करती है, जो शरीर के विभिन्न कामों के लिए जिम्मेदार है। थायरॉयड के दो प्रमुख रोग हैं। पहला है– हाइपोथायराइडिजम। इसमें में थायरॉयड ग्लैंड कम हार्मोन उत्पन्न करता है, जिससे शरीर के कई कार्य प्रभावित हो सकते हैं। यह थकान, वजन बढ़ना, चढ़ता हुआ कोलेस्ट्रॉल, और शिथिल मांसपेशियों का कारण बन सकता है। मूंगफली का मक्खन और मूंगफली में गोइट्रोजन की मात्रा होने के कारण हाइपोथायरायडिज्म खराब हो सकता है, इसलिए हाइपोथायराइड्हाशिमोटो वाले लोगों को इससे बचना चाहिए। रागी आयरन, कैल्शियम और फाइबर से भरपूर होने के कारण एक अद्भुत बाजरा है, लेकिन गोइट्रोजेनिक भोजन होने के कारण इसे भिगोकर और अच्छी तरह से पकाने के बाद कभी–कभार (केवल 2–3 बार्थमहीने में) खाना चाहिए। बादाम सेलेनियम और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं – ये दोनों थायराइड फंक्शन के लिए बहुत अच्छे हैं।

## चाय को ज्यादा देर उबालने पर बन सकती है जहर



चाय ज्यादातर लोगों को पसंद होती है। खासतौर से सर्दी के दिनों में लोग इसका सेवन कुछ ज्यादा करते हैं। कह सकते हैं कि इन दिनों में चाय लोगों की पहली जरूरत बन जाती है। इसके बिना उनका दिन पूरा नहीं होता। कहते हैं ठंड के दिनों में एक प्याला चाय आपको तमाम बीमारियों से दूर रखती है। चाय को विंटर सीजन में बेस्ट इम्यूनिटी बूस्टर माना जाता है। लेकिन अगर आपको कहा जाए, कि सर्दियों में ज्यादा चाय पीने से बचना चाहिए, तो क्या आप ऐसा करेंगे। इंस्टाग्राम अकांउट डॉ. गुडडीड पर सीनियर गेस्ट्रोएंटरोलॉलिस्ट एंड हेपेटोलॉजिस्ट व ओबेसिटी स्पेशलिस्ट डॉ. निवेदिता पांडे ने सर्दियों में ज्यादा चाय का सेवन न करने की सलाह दी है। वह कहती हैं कि सर्दियों में वैसे ही चाय का इंटेक काफी बढ़ जाता है। हालांकि, यह फायदेमंद होती है, लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा सेवन स्वास्थ्य के लिए परेशानियां खड़ी कर सकता है। तो आइए जानते हैं सर्दियों में क्यों चाय का सेवन कम कर देना चाहिए। ठंड के दिनों में अदरक वाली चाय मिल जाए, तो आत्मा तृप्त हो जाती है। इसे पीने से न केवल सर्दी जुकाम से छुटकारा मिलता है, बल्कि सर्दियों में बार–बार यूरिन जाने की समस्या में भी बहुत आराम मिलता है।

# हाइपरटेंशन का शरीर पर पड़ता है गंभीर प्रभाव



*हाई ब्लड प्रेशर यानी कि हाइपरटेंशन, यह आज के समय में दुनिया भर में लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली एक गंभीर बीमारी है। यह एक ऐसी स्थिति है, जब रक्तचाप नॉर्मल सीमा से अधिक होता है, तब यह अनियमित रूप से शरीर के अंगों को प्रभावित कर सकता है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को अपनी खास देखभाल की जरूरत होती है। यदि वे इसका ध्यान नहीं रखते हैं, तो इसका खामियाजा आपके हार्ट, दिमाग आंखें और किडनी आदि को भरना पड़ सकता है। हाइपरटेंशन शरीर के इन हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।*

**हृदय संबंधित समस्याएं**
बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर आपके हार्ट के लिए अच्छा नहीं है, क्योंकि हाइपरटेंशन दिल के लिए एक बड़ा खतरा पैदा कर सकता है, जिससे हार्ट अटैक, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, स्ट्रोक और हार्ट फेलियर शामिल है। बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर आपके हार्ट को शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त के प्रवाह में दिक्कत पैदा करने लगता है। तें ऐसी स्थिति में अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

**कोरोनरी आर्टरी डिजीज**
कोरोनरी आर्टरी डिजीज हार्ट से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। ब्लड का प्रेशर हाई होने के कारण धमनियां संकुचित और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। जिस कारण धमनियों को दिल तक व दिल से रक्त की आपूर्ति करने में परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**आंखों की समस्याएं**
हाइपरटेंशन आंखों की रक्तस्राव को प्रभावित करके आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा। ग्लूकोमा एक आंखों की बीमारी है जो आंखों के अंदर रक्तचाप के बढ़ जाने से हो सकती है। हाइपरटेंशन ग्लूकोमा के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक हो सकता है।

**दिमागी समस्याएं**
हाइपरटेंशन के खतरे में दिल के बाद दिमाग आता है।हाइपरटेंशन दिमागी स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता है और इससे स्ट्रोक की संभावना बढ़ सकती है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण याददाश्त में कमी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दिमाग को सही से काम करने के लिए नियमित रूप से सुचारू रक्त और ऑक्सीजन के प्रवाह की आवश्यकता होती है।लेकिन हाई ब्लड प्रेशर के कारण प्रवाह में बाधा हो सकती है, जिससे दिमाग को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है। इसके परिणाम स्वरूप, विभिन्न गंभीर स्थितियां पैदा हो जाती है।

**मेटाबोलिक सिंड्रोम**
हाइपरटेंशन एक मेटाबोलिक सिंड्रोम का हिस्सा हो सकता है, जिससे डायबिटीज, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल की समस्याएं बढ़ सकती हैं। इन सब समस्याओं से बचने के लिए हाइपरटेंशन का समय रहते इलाज बहुत जरूरी है।

## उमरान मलिक कभी आंखों का तारा थे, अब खत्म हो गया करियर?



वेस्टइंडीज दौरे पर भी गए थे, जुलाई में खेला आखिरी वनडे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के सबसे तेज गेंदबाजों में शामिल उमरान मलिक को एक वक्त दुनियाभर के बल्लेबाजों के लिए खतरा माना जा रहा था, लेकिन लंबे समय से वह टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। 150 किलोमीटर से अधिक की रफ्तार से बॉल करने की क्षमता रखने वाला यह गेंदबाज आखिरी बार वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई में वनडे खेला था। यह उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच भी था। अब वनडे वर्ल्ड कप, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका सीरीज के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ टी–20 सीरीज के लिए भी नहीं चुना गया तो यह सवाल उठाने लगा कि क्या अब उनकी टीम इंडिया में वापसी मुश्किल है। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने जम्मू–कश्मीर एक्सप्रेस के नाम से मशहूर भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक की अनदेखी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उमरान को भारतीय मुख्य टीम तो छोड़िए इंडिया श्ए में भी शामिल नहीं किया जा रहा है। बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस का सामना करने के लिए निर्धारित भारत ए टीम में भी उमरान को जगह नहीं मिली। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर तेज गेंदबाज के अचानक गायब होने पर सवाल उठाए।

चोपड़ा ने कहा, कुछ समय पहले तक उमरान मलिक हर जगह थे। हम उन्हें वेस्टइंडीज भी ले गए और ऐसा लग रहा था कि वह विश्व कप टीम में भी हो सकते हैं, लेकिन अब वह किसी भी टीम में नहीं हैं। यहां तक कि इंडिया ए के लिए भी उन्हें नहीं चुना गया।श् भारतीय जर्सी में उमरान की आखिरी उपस्थिति वेस्टइंडीज के दौरे के दौरान थी, जहां उन्हें एक चुनौतीपूर्ण मुकाबले का सामना करना पड़ा था। सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच मुथैया मुरलीधरन सहित आलोचकों ने एक गेंदबाज के रूप में अपनी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए तेज गेंदबाज को सिर्फ तेज गति नहीं बल्कि अतिरिक्त कौशल विकसित करने की सलाह दी थी।

# मोहम्मद शमी के करियर में जुड़ी एक और बड़ी उपलब्धि

**अर्जुन अवॉर्ड**

### वर्ल्ड कप 2023 में शानदार रहा था शमी का प्रदर्शन



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। शमी इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड को पाने वाले 46वें भारतीय पुरुष क्रिकेटर हैं। शमी का प्रदर्शन वर्ल्ड कप 2023 में बेहद शानदार रहा था और उन्होंने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट अपने नाम किए थे। शमी ने 7 मैचों में कुल 24 विकेट निकाले थे।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को देश के प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया। शमी का प्रदर्शन पिछले कुछ सालों में कमाल का रहा है। भारत की धरती पर खेले गए विश्व कप में शमी ने टीम इंडिया को फाइनल तक पहुंचाने में अहम किरदार निभाया था।

मोहम्मद शमी ने अर्जुन अवॉर्ड को लेकर एएनआई के साथ बातचीत करते हुए कहा, यह अवॉर्ड मेरे लिए सपने जैसा है, जिंदगी निकल जाती और लोग इस अवॉर्ड को नहीं जीत पाते हैं। मुझे खुशी है कि इस अवॉर्ड को पाने के लिए मुझे नॉमिनेट किया गया है। इस अवॉर्ड को पाना मेरे लिए सपने जैसा है, क्योंकि मैंने अपनी जिंदगी में कई लोगों को इस अवॉर्ड से सम्मानित होते हुए देखा है।

मोहम्मद शमी के लिए वर्ल्ड कप 2023 किसी सपने के सच होने से कम नहीं रहा था। शमी ने गेंद से जमकर कहर बरपाया था और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। शमी ने विश्व कप में खेले सिर्फ 7 मैचों में 24 विकेट अपने नाम किए थे और दुनियाभर के बल्लेबाजों की नाक में दम किया था।

**ये खिलाड़ी भी हुए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित:** अर्जुन अवॉर्ड– ओजस प्रवीण देवताले (आर्चरी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (बॉक्सिंग), आर वैशाली (चेस), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो–खो), पिंकी (लॉन बॉल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ( शूटिंग), ईशा सिंह (शूटिंग), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वाश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (रेसलिंग), अंतिम पंघाल (रेसलिंग), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजम कुमार (दृष्टिबाधित क्रिकेट), प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)।

# बॉलिंग या बैटिंग, मोहाली में किसकी होगी धूम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- तीन टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 11 जनवरी को खेला जाएगा
- एक दूसरे टकराएगी भारत और अफगानिस्तान की टीमें

मोहाली। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 11 जनवरी को खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मुकाबले के लिए मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में एक दूसरे टकराएगी। साल 2024 में टीम इंडिया अपना पहला टी20 मैच खेलने मैदान पर उतरेगी। टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ इस टी20 सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों की वापसी हुई है। ऐसे अफगानिस्तान की टीम को इस सीरीज में टीम इंडिया से मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा है, लेकिन उससे पहले पहले टी20 मैच के लिए कैसी होगी मोहाली की पिच।

मोहाली के आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। उछाल भरी पिच होने के कारण बल्लेबाजों के लिए यहां खेलना काफी आसान हो जाता है। बैट पर गेंद बहुत ही अच्छे से आती है। सिर्फ इतना ही नहीं, मोहाली का आउटफील्ड भी काफी तेज रहती है। ऐसे में छक्के के साथ खूब चौके भी लगते हैं। बैटिंग के अलावा नई गेंद से बॉलर को भी शुरुआत में खूब मदद रहती है। इस मैदान पर खेले गए अब तक के आंकड़े को देखें तो यहां कुल 9 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जा चुके हैं। मोहाली में पांच बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है जबकि दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम ने 4 मैच जीते हैं। ऐसे में एक तरह से मुकाबला टक्कर का रहा है।

मोहाली का मैदान टी20 क्रिकेट में हाई स्कोरिंग रहा है। फटाफट क्रिकेट में इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 168 रन का रहा है जबकि दूसरी पारी का औसत स्कोर 152 रन है।

**टीम इंडिया का संभावित प्लेइंग इलेवनः** रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह।

## यशस्वी जायसवाल या शुभमन गिल किसको मिलेगा मौका?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी–20 सीरीज का आगाज 11 जनवरी से होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका दौरे पर दमदार प्रदर्शन करने लौटी भारतीय टीम के हौसले पूरी तरह से बुलंद हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली डेढ़ साल बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में रंग जमाने को बेकरार हैं। वहीं, अफगानिस्तान भी टीम इंडिया को इस सीरीज में कड़ी टक्कर देना चाहेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी–20 मैच के लिए प्लेइंग इलेवन चुनना कप्तान रोहित शर्मा के लिए आसान काम नहीं होगा। मोहाली में होने वाले मुकाबले में शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से किसको टीम में जगह मिलेगी यह भी देखना दिलचस्प होगा। रोहित के साथ पारी का आगाज करने के ज्यादा चांस यशस्वी जायसवाल के नजर आ रहे हैं। हालांकि, शुभमन गिल के होम ग्राउंड को देखते हुए टीम मैनेजमेंट उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका दे सकती है।

## न्यूज डायरी



### मुजीब, फारूकी और नवीन को मिली अफगानिस्तान बोर्ड से बड़ी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बड़ी राहत मिली है। इन तीनों ही खिलाड़ियों पर लगाई गई पाबंदी पर बोर्ड ने नरमी बरती है। मुजीब, फारूकी और नवीन को अफगानिस्तान ने सेंट्रल कॉन्टैक्ट में भी शामिल कर लिया है। इसके साथ ही बोर्ड ने तीनों ही प्लेयर्स को विदेशी लीग में खेलने की परमिशन भी दे दी है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर लिया है। हालांकि, बोर्ड ने इन तीनों ही खिलाड़ियों को चेतावनी भी दी है कि वह देश की ओर से क्रिकेट खेलने के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाएं। बता दें कि इन तीनों ही प्लेयर्स ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद अफगानिस्तान बोर्ड ने नेशनल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा में देरी करने के साथ–साथ इन तीनों को दो साल के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट देने से मना कर दिया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से एनओसी नहीं मिलने की वजह से मुजीब उर रहमान को बिग बैश लीग टूर्नामेंट को बीच में छोड़कर वापस लौटना पड़ा था। यूएई के खिलाफ खेली गई टी–20 सीरीज में भी मुजीब को टीम में शामिल नहीं किया गया था।

### राष्ट्रपति भवन में शीतल देवी के लिए कम पड़ गईं तालियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कहते हैं हौसला अगर बुलंद तो मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य भी बौना साबित हो जाता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है भारत बेटी शीतल देवी ने। जम्मू कश्मीर की एक छोटे गांव की रहने वाली शीतल ने बिना हाथों के देश के लिए पैरा एशियन गेम्स में मेडल जीतकर देश का परचम लहराया। पैरों से तीर–धनुष चलाने वाली शीतल देवी ने पिछले साल पैरा एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में जब अर्जुन पुरस्कार के लिए उनका नाम लिया गया तो पूरा हॉल तालियां की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था। हर कोई उन्हें अवॉर्ड लेते देख खुश हो रहे थे। उन्हें देखकर सिर्फ यही लग रहा था कि शारीरिक अक्षमता होने के बावजूद अगर मनोबल ऊंचा रखें तो मंजिल पाया जा सकता है। विश्व की नंबर– 1 पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने पैरा एशियन गेम्स दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। एशियन गेम्स में धमाल मचाने के बाद जब शीतल वापस भारत आईं थी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके जज्बे को सराहा था। एशियन गेम्स में तीन मेडल जीतने के बाद अब शीतल इसी साल पेरिस पैरालिंपिक खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। शीतल देवी का जन्म जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के लोई धार गांव में हुआ था। शीतल के पिता पेशे से एक किसान हैं और उनकी मां घर संभालती हैं। शीतल से बचपन से ही फोकोमेलिया बीमारी से पीड़ित हैं।

### 10 जनवरी से शुरू होगा एसए20 लीग का रोमांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका टी–20 लीग का आगाज 10 जनवरी से होने जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केपटाउन की भिड़ंत जोबर्ग सुपर किंग्स के साथ होनी है। इस लीग में छह मैदानों पर कुल 34 मैच खेले जाने हैं और टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 10 फरवरी को खेला जाएगा। आइए आपको इस लीग से जुड़ी हर काम की बात विस्तार में समझाते हैं। साउथ अफ्रीका टी–20 लीग में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। डिफेंडिंग चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केपटाउन, जोबर्ग सुपर किंग्स, डरबन सुपर जायंट्स, प्रिटोरिया कैपिटल्स, एमआई केपटाउन, पार्ल रॉयल्स वो छह टीम हैं, जो खिताब के लिए एक–दूसरे से भिड़ती हुई नजर आएंगी। टूर्नामेंट में कुल 34 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में हर टीम की टक्कर दूसरी टीम से दो बार होगी। हर टीम एक मैच अपने घर में और दूसरा विपक्षी टीम के घर में खेलेगी। टॉप चार में रहने वाली टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी। टॉप पर रहने वाली दो टीमों के बीच पहला क्वालिफायर खेला जाएगा। पहले क्वालिफायर को जीतने वाली टीम डायरेक्ट फाइनल में एंट्री मारेगी। वहीं, पहले क्वालिफायर में हारने वाली टीम की टक्कर दूसरे क्वालिफायर में एलिमिनेटर मैच जीतने वाली टीम के साथ होगी।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम धामी से बीआरओ के महानिदेशक ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में बी.आर.ओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने बीआरओ द्वारा पिथौरागढ़ में बनाई जा रही बलुआकोट से तवाघाट और लिपुलेख से जोलिंगकोंग सड़क मार्ग की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में आदि कैलास और पार्वतीकुंड आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। राज्य में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि की संभावनाओं को दृष्टिगत राज्य सरकार आगामी 50 सालों की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है।

### पीएम आवास योजना लाभार्थियों को जल्द मिलेंगे घर

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में ऊडा एवं आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। मंत्री ने कहा कि ऊडा एवं आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकासकों को प्रशासनिक शुल्क में लगभग 4000 रूपये की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जिससे विकासकों को राहत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।

### प्रेमनगर मार्केट निर्माण को सीएम से मिलीं विधायक कैंट

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर मार्केट निर्माण को लेकर कैंट विधायक सविता कपूर ने मंगलवार को सीएम पुष्कर धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम से निर्माण शीघ्र करवाने का अनुरोध किया। विधायक कपूर ने इस दौरान सीएम को बताया कि वहां 2018 से सभी 106 व्यापारी बेघर है और दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। पूर्व में जिलाधिकारी ने आर्केडिया ग्रांट में भूखंड चिन्हित किया था, लेकिन आगे कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। सीएम ने जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### गंगा के तट से लेंगे हिन्दी को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाने का संकल्प

**संवाददाता** देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर बुधवार को देश–विदेश के हिन्दी के दिग्गज हर की पैड़ी हरिद्वार से हिन्दी को राष्ट्रभाषा और संयुक्त राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाने का संकल्प लेंगे। 20 देशों के प्रतिनिधि इसमें शिरकत करेंगे। हरिद्वार के सांसद और विश्व हिन्दी परिवार के डा. रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में ऋषिकुल विवि के आडोटोरियम में इस बाबत सम्मेलन भी किया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए करें प्रभावी प्रयास: सीएम

**निर्देश**

- राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान सीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश
- ब्लैक स्पॉट पर नियमित रूप से किया जाए रोड सेफ्टी ऑडिट

**संवाददाता**

देहरादून। सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। राज्य के सभी चिन्हित मार्गों पर क्रैश बैरियर का अवशेष कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ चारधाम यात्रा से पहले पूर्ण किया जाए। ब्लैक स्पॉट पर नियमित रूप से रोड सेफ्टी ऑडिट किया जाए। राज्य के पर्यटक स्थलों के आस–पास जहां पर वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है, उन क्षेत्रों में वाहन चालकों के लिए डोरमिट्री की व्यवस्था भी की जाए। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत बिना लाइसेंस के वाहन चलाने, नशे में वाहन चलाने वालों और यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सख्त कारवाई की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा



परिषद की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन कारणों से सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, इनको रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। चिन्हित मार्गों पर क्रैश बैरियर के कार्यों की धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जन सुरक्षा से संबधित ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को सड़कां के किनारे हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिये प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके लिए पुलिस, नगर निगम, एमडीडीए और जिला प्रशासन लगतार कार्यवाही करें। जनपदों में भी जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा सड़कों के किनारे लगने वाले अतिक्रमण को रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा यातायात प्रबंधन के लिए जो कैमरे लगाये गये हैं, उनका इंटीग्रेशन किया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में 165 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं, जिनमें से 129 का सुधार किया गया है एवं 29 के सुधारीकरण की कार्यवाही गतिमान है। 43 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं जिनमें सुधार किये जाने के बाद कोई दुर्घटना नहीं हुई। सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित 52 हजार पुस्तकें शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराई गई हैं। जनपदों में चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्कों की स्थापना की जा रही है। पुलिस द्वारा ट्रैफिक आई –ऐप के माध्यम से जागरूकता, ट्रैफिक कार्टून बुक्स एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, रविनाथ रमन, एच.सी. सेमवाल, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### लघु फिल्में बनाकर व्यापक स्तर पर प्रचार और प्रसार करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जनपदों में जिन स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, और वे अभी तक चिन्हित नहीं हुए हैं, सभी जिलाधिकारी जल्द ही ऐसे स्थलों को चिन्हित कर लें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लघु फिल्में बनाकर व्यापक स्तर पर प्रचार और प्रसार किया जाए। स्कूलों में भी सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता की जानकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल की जाए।

# कांग्रेस का अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर दून में प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

- महिला कांग्रेस ने पार्टी मुख्यालय से सांकेतिक शव यात्रा निकाली, किया प्रदर्शन

**संवाददाता**

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने देहरादून में प्रदर्शन किया। महानगर कांग्रेस ने डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। वहीं, महिला कांग्रेस ने पार्टी मुख्यालय से सांकेतिक शव यात्रा निकाली और एस्लेहाल चौक पर प्रदर्शन किया।

मंगलवार को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे और यहां नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी की मां के पत्र से वीआईपी का नाम उजागर हो चुका है, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। साथ ही रिसॉर्ट पर जेसीबी चलाने में शामिल विधायक और एसडीएम पर भी साक्ष्य मिटाने के आरोप में मुकदमा दर्ज होना चाहिए। जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की देखरेख में करवाई जाए।

इधर, प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल की अगुवाई में महिला कांग्रेस ने कांग्रेस भवन से सांकेतिक शव यात्रा निकालकर प्रदर्शन किया। बाद में एस्लेहाल चौक पर पुतला फूंकने के साथ ही अंकिता के लिए न्याय की मांग की। आशा मनोरमा डोबरियाल ने कहा कि सरकार की शह पर प्रभावशाली लोगों को बचाने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस न्याय मिलने तक यह लड़ाई लड़ती रहेगी।

प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत, प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष उर्मिला थापा, मंजू त्रिपाठी, जगदीश धीमान, अनूप कपूर, अभिषेक तिवारी, सलमान, वीरेंद्र पवार, भूपेंद्र नेगी, अनिल शर्मा, वकार अहमद, मोहम्मद दानिश, राहुल तलवार, अमनदीप सिंह, राजेश पुंडीर, मरगूब आलम, मुकीम अहमद, रिपुदमन, आदर्श शुद, मुकेश रेग्मी, शहजाद अंसारी, हेमंत उप्रेती समेत अन्य मौजूद रहे।

### पुलिस ने घंटाघर जाने से रोका




सांकेतिक शव यात्रा के साथ कांग्रेस मुख्यालय पार्टी कार्यकर्ता घंटाघर की ओर जाने लगे। जिन्हें पुलिस ने गांधी पार्क के पास रोक लिया। पुलिस ने जुलूस आगे जाने से रोक दिया। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ नोंकझोंक भी हुई, हालांकि बाद में कांग्रेसी कार्यकर्ता वापस एस्लेहाल चौक पर लौट आए।

### डीएम ने जल जीवन मिशन की बैठक लेते हुए दिए आवश्यक निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला जल जीवन मिशन की बैठक लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने जल जीवन स्वच्छता मिशन अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए हर घर जल के शेष सत्यापन कार्यों को शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए इसके रोस्टर बनाते हुए प्रमाणीकरण कार्यों को पूर्ण करें। साथ ही निर्देशित किया कि स्रोत सत्यापन कार्यों की जिओ टैगिंग की प्रतिदिन रिपोर्ट अद्यतन करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों को योजना अंतर्गत शेष कार्यों माह फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नितीशमणी त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।